DATE

दिव्य हिमाचल
02/08/2026

(अ.) अमर उजाला
02/08/2026

## विक्रम बतरा कालेज में मनाया विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस



पालमपुर: बतरा कालेज में विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस पर सामूहिक चित्र में रोवर-रेंजर

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर-रेंजर इकाई द्वारा विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 32 रोवर एवं रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा स्काउट स्कार्फधारण कर स्काउटिंग एवं गाइडिंग के आदर्शों, सेवा भावना तथा एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उप प्राचार्या प्रो. कल्पना ऋषि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सत्र के दौरान रेंजर लीडर किरण ने प्रतिभागियों को विश्व स्काउट स्कार्फदिवस के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। यह दिवस विश्व स्काउट आंदोलन की शुरुआत की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रोफेसर मनीषा शर्मा तथा प्रोफेसर रविंद्र भी मौजूद रहे।

## विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर रेंजर इकाई की ओर से शनिवार को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 32 रोवर एवं रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उप प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। सत्र के दौरान रेंजर लीडर किरण ने प्रतिभागियों को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस के ऐतिहासिक महत्व से अवगत करवाया। प्रो. कल्पना ऋषि ने विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं स्वैच्छिक सेवा की भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. मनीषा शर्मा और प्रो. रविंद्र भी मौजूद रहे। संवाद

DATE

520 हिमाचल दस्तक:- 09/08/2026

# भूगोल विभाग के 45 विद्यार्थियों ने किया साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण




पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद की अनुमति एवं प्रोत्साहन तथा भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. धनबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण में विभिन्न सेमेस्टरों के लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सहायक प्रोफेसर नेम राज विद्यार्थियों को साइंस सेंटर लेकर गए तथा भ्रमण के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले भौतिक भूगोल, पृथ्वी विज्ञान और खगोलीय अवधारणाओं से व्यावहारिक रूप से परिचित करवाना था। साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने सौरमंडल, ग्रहों की उत्पत्ति एवं निर्माण, पृथ्वी एवं अन्य ग्रहों की आंतरिक तथा रासायनिक संरचना, खगोलीय घटनाओं और विभिन्न प्राकृतिक एवं भौतिक प्रक्रियाओं से संबंधित मॉडलों एवं प्रदर्शनों का अवलोकन किया।

(521) दिव्य हिमाचल: 09/08/2026

# बतरा कालेज पालमपुर के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर में लिया व्यावहारिक अनुभव

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद की अनुमति एवं प्रोत्साहन तथा भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. धनबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण में विभिन्न सेमेस्टरों के लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सहायक प्रोफेसर नेम राज विद्यार्थियों को साइंस सेंटर लेकर गए तथा भ्रमण के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. धनबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और अवलोकन क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। सहायक प्रोफेसर नेम राज ने विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडलों को भौतिक भूगोल में पढ़ाई जाने वाली अवधारणाओं से जोड़कर समझाया। विद्यार्थियों ने भ्रमण को रोचक और उपयोगी अनुभव बताया। भूगोल विभाग ने इस शैक्षणिक गतिविधि के आयोजन के लिए प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद का आभार व्यक्त किया।


LAUREA
& INFO
Kathog, J
A
for BCA (Co

DATE

दैनिक जागरण :- 12/08/2026.

# नशे से दूर रहें युवा और नियमित व्यायाम भी करें : प्रो. पंकज

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू के पालमपुर सेवा केंद्र के सहयोग से मंगलवार को नशामुक्ति महाअभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन डा. बोविंदर कटोच ने किया। पालमपुर सेवा केंद्र से सपना, तिलकराज, सुरेंद्र, डा. हरजीत, रिया व अनूप ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं नगर निगम पालमपुर की नशा निवारण समिति के अध्यक्ष प्रो. पंकज सूद ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं का नशे से दूर रहने, सही संगति अपनाने और नियमित व्यायाम करने का आह्वान किया।

- मानसिक दबाव या कोई समस्या होने पर अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद करें विद्यार्थी
- बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में जागरूकता कार्यक्रम

उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक दबाव या कोई समस्या होने पर अभिभावकों और शिक्षकों से खुलकर संवाद करने की सलाह दी। तिलकराज ने नशे के कारणों, इसके परिणामों और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई। सपना ने बताया कि नियमित ध्यान से मानसिक तनाव कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, एकाग्रता विकसित करने, नकारात्मक विचारों और व्यसनों से बचने में मदद मिलती है।

DATE

527. दिव्य हिमाचल :-
26/8/2026

(528). हिमाचल दस्तक :-
26/8/2026



पालमपुर : विक्रम बतरा कालेज के छात्र अध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र में

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के ईको क्लब के विद्यार्थियों ने अनुपयोगी व अपशिष्ट सामग्री से ईको फ्रेंडली राखियां तैयार कीं। 'वेस्ट टू रिस्ट' पहल के तहत तैयार राखियों का महाविद्यालय परिसर में स्टॉल लगाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने स्टॉल का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।

## छात्रों ने अपशिष्ट सामग्री से बनाई राखियां



**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर के इको क्लब के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घर में उपलब्ध अनुपयोगी एवं अपशिष्ट सामग्री से राखियां तैयार की। इस अनूठी पहल को वेस्ट टू रिस्ट नाम दिया गया। यह आयोजन ईको क्लब की संयोजिका डॉक्टर मीनाक्षी के मार्गदर्शन में किया। छात्रों द्वारा तैयार इको फ्रेंडली राखियों का कॉलेज परिसर में स्टॉल लगाया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने स्टॉल का अवलोकन किया।

दैनिक जागरण :- 30/8/2026

# खेल दिवस पर मैदानों में दिखा जोश, खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस दौरान मार्च पास्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। मुख्य अतिथि निगम मेयर राधा सूद ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक रहने का आह्वान किया। वहीं, कालेज प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने दिवस का महत्व बताया।



बतरा कालेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के दौरान स्टाफ व छात्र • जागरण

## राखी को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथ



DATE

1. दैनिक भास्कर ! — 30/8/2026

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में हुई प्रतियोगिताएं

# प्रदेशभर के मैदानों में खेलों का जोश

टीम हिमाचल | हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेशभर में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और खेल भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न खेल संस्थानों में खेलकूद प्रतियोगिताओं और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कहीं वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल के मुकाबले हुए तो कहीं दौड़, बैडमिंटन, क्रिकेट और अन्य एथलेटिक गतिविधियां करवाई गईं।


कई स्थानों पर एनसीसी, एनएसएस और अन्य युवा संगठनों ने भी कार्यक्रमों में भागीदारी की। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों में जीत के लिए उत्साह के साथ अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। आयोजकों ने युवाओं को खेलों से जुड़ने और नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

विभिन्न संस्थानों में मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन और उपलब्धियों को याद करते हुए युवाओं को उनके संघर्ष, समर्पण और खेल के प्रति जुनून से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजनों के जरिए प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को नशे से दूर रखते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी जोर दिया गया।


पालमपुर


सुदंरनगर


मंडी


नगरोटा बगवां


गोहर


भरेड़ी